**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समीक्षा बैठक उप-निदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीणविकास अभिकरण शिमला की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला के कार्यालय में दिनांक 05-05-2015 को प्रात: 11 बजे आयोजित की गई, विस्तृत चर्चा के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए ।**

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खण्ड बसन्तपुर के वर्ष 2014-15 के लिए भौतिक और वित्तीय प्रगति के बारे में समीक्षा की गई और यह पाया गया कि विकास खण्ड बसंतपुर वर्ष 2014-15 में सामाजिक लामबंदी (Social Mobilization) और क्रेडिट लामबंदी (Credit Mobilization) के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए तथा दिनांक 18-04-2015 को जिला स्तरीय सतर्कता और निगरानी समिति की बैठक में भी टिप्पणी की गई कि विकास खंड बसंतपुर जो की एक सघन विकास खंड है (Intensive Block) की उपलब्धि अन्य विकास खण्डों की तुलना में बहुत कम है । अत: खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वर्ष 2015-16 में दिए जाने वाले लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभी से ही प्रयास किये जाएं ।
- 2 मार्च 2015 को डी ब्रीफिंग बैठक के दौरान निर्णय लिया गया था कि विकास खंड में क्लस्टर वाइज महिला सम्मेलन के आयोजन के लिए तिथि तय की जाये किन्तु मौसम ख़राब होने के कारण अभी तक महिला सम्मलेन नहीं हो पाया है तथा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जल्दी से जल्दी प्रत्येक क्लस्टर में महिला सम्मलेन आयोजित किए जाएं इस पर खंड विकास अधिकारी ने कहा कि दिनांक 18-05-2015 को विकास खंड बसंतपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत होने वाली समीक्षा बैठक में महिला सम्मलेन की तिथि निर्धारित की जाएगी ।
- खंड विकास अधिकारी बसंतपुर को निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत BMMU Team के सदस्यों के कार्यों का पुनर्वितरण किया जाएं ।
- Online MIS Entries से सम्बंधित एक दिन का प्रशिक्षण BMMU तथा DMMU को राज्य स्तर पर दिया जाये ।
- वर्ष 2014-15 में विकास खंड बसंतपुर में 143 समूहों का गठन किया गया है उन सभी समूहों की Online MIS Entries प्राथमिकता के आधार करने के लिए निर्देश दिए गए ।
- 4$^{th}$ CRP Round के लिए परिवार वार आधारभूत डेटा तैयार करने के लिए निर्देश दिए गए तथा इस राउंड के अंतर्गत निम्नलिखित ग्राम पंचायतों को कवर किया जायेगा:-
    1. ग्राम पंचायत डूम्मी (नालदेहरा क्लस्टर)
    2. ग्राम पंचायत थड़ी (सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित)
    3. ग्राम पंचायत नेहरा व चनावग (दाड्गी क्लस्टर)
    4. ग्राम पंचायत देवला व खटनोल (बसंतपुर क्लस्टर)
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बही खाता प्रशिक्षण (Book Keeping Training) दिनांक 13 से 15 मई 2015 को (R-SETI) राजस्व एवं नियोजन भवन, नजदीक पुराना ब्राकहॉस्ट छोटा शिमला में आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि 35 महिलाओं की सूची पूर्ण पता व दूरभाष न. सहित इस कार्यालय को दो दिनों के भीतर-भीतर भेजना सुनिश्चित करें ।
- खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि दो दिनों के भीतर स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं, सक्रिय पंचायत प्रतिनिधि तथा अन्य स्वैच्छिक महिलाओं की सूची जो आजीविका मिशन के साथ सक्रिय रूप से शामिल हो सकें ।
- ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई (BMMU) और जिला मिशन प्रबंधन इकाई (DDMU) के बीच में समन्वय तथा जानकारी साझा करने के लिए ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई (BMMU) को आवश्यक पग उठाने के निर्देश दिए गए ।

- ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई (BMMU) को निर्देश दिए गए कि हर सप्ताह अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट प्राथमिकता के आधार पर जिला मिशन प्रबंधन इकाई (DDMU), शिमला को भेजें तथा DMMU स्तर पर BMMU की गतिविधियों व किये गए कार्यों की हर 15 दिन के बाद समीक्षा की जाएगी ।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक स्तर तथा जिला स्तर पर जो भी गतिविधियाँ/कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं उनकी दस्तावेजीकरण व प्रैस विज्ञप्ति तैयार की जाए ।
- अगली समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 18-05-2015 को प्रात: 11 बजे विकास खण्ड बसंतपुर के कार्यालय में किया जायेगा ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिमला,हि.प्र.।

2650 - 2651

पृष्ठाकन संख्या:- डीआरडीए(एस)एन.आर.एल.एम.-2015-16 दिनांक 12th मई, 2015

प्रतिलिपी:-

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी (HPSRLM),ग्रामीण विकास विभाग हिमाचल प्रदेश,जिला शिमला-9 को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. खंड विकास अधिकारी, विकास खंड बसन्तपुर, जिला शिमला हि.प्र. को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिमला, हि.प्र.।